## 1. दिनांक 11/04/2021 स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट ३ के द्वारा ककौली गाँव में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया. जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. नीरज शुक्ल, एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचींद्र शेखर ने स्वयंसेवकों के साथ मिलकर इस अभियान की शुरुआत की.



## 2. दिनांक: 14/04/2021 कोविड जागरूकता अभियान

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट ३ के द्वारा ककौली गाँव में कोविड जागरूकता अभियान चलाया गया. जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. नीरज शुक्ल, एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम चौधरी एवं डॉ. शचींद्र शेखर ने स्वयंसेवकों के साथ मिलकर किया.

# अंबेडकर जयंती एवं टीकाकरण उत्सव का हुआ आयोजन

तिजारत संवाददाता



लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज दिनांक 14.04.2021 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के साथ-साथ टीकाकरण उत्सव के अंतिम दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जी की 130वीं जयंती पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव अशोक कुमार अरविंद एवं अन्य शिक्षकों ने उन्हें पुष्पार्पण कर नमन किया। इस कार्यक्रम में डॉ प्रवीण राय एवं डॉ लक्ष्मण सिंह ने भी बाबा साहब के जीवन के संघर्षों एवं उद्देश्यों पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम चौधरी एवं डॉ शचींद्र शेखर ने गांव डूंगरिया एवं काकोली में मास्क, सैनिटाइजर एवं फल वितरण कर ग्रामीण लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्णा ने गांव अल्लूनगर में मास्क वितरण कर लोगों को कोविड टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी। इस चार दिवसीय कोविड टीकाकरण अभियान में विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैडेट्स द्वारा 6 से अधिक जनपदों में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें लखनऊ, बलिया, सीतापुर, रायबरेली और आज़मगढ़ मुख्य रूप से शामिल है। इसके अलावा कैडेट्स ने 200 से अधिक व्यक्तियों को टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जिनमें से 100 से अधिक व्यक्तियों ने प्रेरित होकर टीकाकरण भी करवाया। इस पूरे उत्सव के दौरान संजना देवी, अन्नपूर्णा साहू, रचना वर्मा, जिया सिंह एवं अन्य कैडेट्स ने डॉ बुशरा अलवेरा केयरटेकर ऑफिसर, राष्ट्रीय कैडेट कोर, के नेतृत्व में विशेष योगदान दिया। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों द्वारा 2,000 से अधिक लोगों को टीकाकरण के संबंध में जागरूक किया गया। इस चार दिवसीय टीकाकरण अभियान का संयोजन डॉ नीरज शुक्ल, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया एवं इसे सफल बनाने में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा।





# भाषा विश्वविद्यालय में अंबेडकर जयंती एवं टीकाकरण उत्सव की गतिविधियां

एनडीएस संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में आज दिनांक 14.04.2021 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के साथ-साथ टीकाकरण उत्सव के अंतिम दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जी की 130वीं जयंती पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव अशोक कुमार अरविंद एवं अन्य शिक्षकों ने उन्हें पुष्पार्पण कर नमन किया। इस कार्यक्रम में डॉ प्रवीण राय एवं डॉ लक्ष्मण सिंह ने भी बाबा साहब के जीवन के संघर्षो एवं उद्देश्यों पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम चौधरी एवं डॉ शचींद्र शेखर ने गांव डूंगरिया एवं काकोली में मास्क, सैनिटाइजर एवं फल वितरण कर ग्रामीण लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया।

साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्णा ने गांव अल्लूनगर में मास्क वितरण कर लोगों को कोविड टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी। इस चार दिवसीय कोविड टीकाकरण अभियान में विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैडेट्स द्वारा 6 से अधिक जनपदों में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें लखनऊ, बलिया, सीतापुर, रायबरेली और आज़मगढ़ मुख्य रूप से शामिल है। इसके अलावा कैडेट्स ने 200 से अधिक व्यक्तियों को टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जिनमें से 100 से अधिक व्यक्तियों ने प्रेरित होकर टीकाकरण भी करवाया। इस पूरे उत्सव के दौरान संजना देवी,



अन्नपूर्णा साहू, रचना वर्मा, जिया सिंह एवं अन्य कैडेट्स ने डॉ बुशरा अलवेरा केयरटेकर ऑफिसर, राष्ट्रीय कैडेट कोर, के नेतृत्व में विशेष योगदान दिया। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों द्वारा 2,000 से अधिक लोगों को टीकाकरण के संबंध में जागरूक किया गया। इस चार दिवसीय टीकाकरण अभियान का संयोजन डॉ नीरज शुक्ल, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया एवं इसे सफल बनाने में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा।

**3. दिनांक: 05/06/2021** **रेन वाटर हार्वेस्टिंग सेमिनार**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट २ एवं ३ के द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सेमिनार का आयोजन किया गया. जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. नीरज शुक्ल, एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचींद्र शेखर सहित भाषा विवि के विद्यार्थियों सहित सभी स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया.



**4. दिनांक: 30/10/2021 राष्ट्रीय एकता दिवस**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट २,३,५ के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. नीरज शुक्ल, एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचींद्र शेखर सहित भाषा विवि सभी स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया.





**5. दिनांक: 26/02/2022 एक दिवसीय शिविर ग्रीन कैंपस, क्लीन कैंपस**

आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ३ यूनिट द्वारा विवि परिसर में ग्रीन कैंपस, क्लीन कैंपस अभियान का आयोजन किया गया. जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचीन्द्र शेखर सहित सभी स्वयंसेवकों से सहभागिता की.





**6. दिनांक: 03/03/2022 राष्ट्रीय साइकिल दिवस**

आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा साइकिल दिवस के अवसर पर एक साइकिल रैली का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया. साइकिल रैली का उद्घाटन अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. सौबान सईद ने हरी झंडी दिखाकर किया. इस अवसर सभी कार्यक्रम अधिकारी सहित स्वयंसेवकों से सहभागिता की.






# केएमससी विवि के छात्रों ने निकाली साइकिल रैली

लखनऊ। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से विश्व साइकिल दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। भाषा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. सौबान सईद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। समन्वयक डॉ. जावेद अख्तर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा आदि लोग मौजूद थे।

## 7. दिनांक: 10/03/2022 एक दिवसीय शिविर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ३ यूनिट द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे जागरूकता लाने के लिये पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचीन्द्र शेखर सहित सभी स्वयंसेवकों ने सहभागिता की.



Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
भाषा विश्वं योजयति

**8. दिनांक: 21/03/2022 एक दिवसीय शिविर पॉलीथीन फ्री कैंपस**

आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ३ यूनिट द्वारा विवि परिसर में पॉलीथीन फ्री कैंपेन का आयोजन किया गया. जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचीन्द्र शेखर सहित सभी स्वयंसेवकों से उपस्थित रहे.







**9. दिनांक: 23/03/2022 एक दिवसीय शिविर महिला सशक्तिकरण**

आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ३ यूनिट द्वारा विवि परिसर में महिला सशक्तिकरण जागरूकता के लिये पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचीन्द्र शेखर सहित सभी स्वयंसेवकों से सहभागिता की.




भाषा विश्वं योजयति

**10. दिनांक: 25/03/2022-31/03/2022 07 दिवसीय विशेष शिविर**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय , एनएसएस के यूनिट -३ के स्वयं सेवकों ने ककौली गांव में उत्तर प्रदेश शासन के सात दिवसीय शिविर के पहले दिन में प्राथमिक विद्यालय में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम सैनानी के बारे में बताया बच्चों के उज्जवल भविष्य के बारे में उन्हें समझाया गया। जिसमें कार्यक्रमों के दौरान एनएसएस समन्वयक डॉ.नीरज शुक्ला तथा कार्यक्रम अधिकारी यूनिट -३, डॉ. शचींद्र शेखर , छात्रों में अनुराग ,मेहर ,छाया , नदीम , सौरभ ,आदि लोगों ने सहभागिता की।




ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, के एनएसएस यूनिट -३ के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन ककौली गांव में खेल के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें सरकारी खेल योजनाओं के बारे में युवाओं एवम् विद्यार्थियों को बताया गया।जिसमें कार्यक्रमों के दौरान एनएसएस समन्वयक डॉ.नीरज शुक्ला तथा कार्यक्रम अधिकारी यूनिट -३ के डॉ.शचींद्र शेखर ,छात्रों में शोएब,अभिषेक,सत्यम,हसन,शाहबाज ,अन्य छात्रों ने भी सहभागिता निभाई।

ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय,के एनएसएस unit-३ के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन ककौली गांव में लोगों को संबोधित करते हुए , जल संरक्षण के उपाय के बारे में, पृथ्वी संरक्षण

की महत्ता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.शचींद्र शेखर ने बताया , कि भागम- भाग एवं प्रोद्योगिकी के दौर में बिना जल के संरक्षण पर हमको ध्यान देना चाहिये। जल के तमाम पहलुओं पर बताते हुए उन्होंने पृथ्वी की विविधता के बारे में विस्तार से बताया कि उपरोक्त बिंदुओं के बिना विकास की कल्पना अधूरी है, ये बातें उन्होंने काकौली गांव के लोगों के साथ - साथ , स्वयं सेवकों से कहीं। इस कार्यक्रम में डॉ.नीरज शुक्ला तथा कार्यक्रम अधिकारी यूनिट -३ डॉ.शचींद्र शेखर और छात्रों में अमन ,अंकित ,स्वप्निल ,लक्ष्मी , अन्य ने भी सहभागिता निभाई।




ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्याल , के एनएसएस यूनिट-३ के पांचवे दिन , स्वयं सेवकों ने संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें चार विषयों को लेकर चर्चा की गई , स्वयं सेवकों द्वारा शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया ,उन्होंने बताया कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए कितनी महत्वपूर्ण है तथा शिक्षा के द्वारा हमारा आने वाला कल कितना उज्जवल हो सकता है?,स्वास्थ्य के बारे में परिचर्चा करते हुए स्वास्थ्य के कई आयामों पर चर्चा की गईजैसे कि मानसिक , शारीरिक तथा आर्थिक और सामाजिक स्वास्थ्य के बारे में बताया,साथ ही साथ उन्होंने ई - गवर्नेंस के बारे में बताया कि इंटरनेट के द्वारा सरकारी योजनाओं और सरकार के संदेश जनता तक पहुंचना ही ई - गवर्नेंस है जैसे कि कन्या धन योजना , जन सेवा केन्द्र आदि ,छात्रवृत्ति और अंत में स्वयं सेवकों ने स्त्री सशक्तिकरण

के बारे में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में डॉ.नीरज शुक्ला तथा कार्यक्रम अधिकारी यूनिट - ३ डॉ. शचींद्र शेखर और छात्रों में मेहर ,आयुषी, अनुराग , छाया, सत्यम , नदीम, सौरभ,अभिषेक, आदि स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के NSS यूनिट - ३ के विशेष शिविर के सातवें दिन ककौली गांव में स्वयं सेवकों के द्वारा स्वास्थ्य ,शिक्षा, रोज़गार , स्त्री सशक्तिकरण आदि मुद्दों पर सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। सात दिन तक चलने वाले इस शिविर में , स्वयं सेवकों ने ककौली गांव के लोगों से , बच्चों से, महिलाओं से न केवल संवाद किया बल्कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जागरूक भी किया। स्वयं सेवकों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि सात दिवसीय शिविर उनके लिए प्रेरणादाई तथा समाज से जुड़ने का प्लेटफार्म बना, स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए एनएसएस समन्वयक डॉ.नीरज शुक्ला ने छात्रों को गांव से जुड़ने के लिए आव्हान किया तो वहीं यूनिट - ३ के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचींद्र शेखर ने कहा कि "व्यक्ति के निर्माण के बाद ही राष्ट्र का निर्माण संभव है", जिसमें व्यक्ति को अपने आस - पास भौतिक , शारीरिक, आर्थिक , शैक्षणिक, सामाजिक जैसे मुद्दों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समापन कार्यक्रम में पचास स्वयं सेवकों ने भागीदारी की ,जिसमें अमन , मेहर , अभिषेक, छाया ,

नदीम ,हसन ,सत्यम ,कईयूम आदि स्वयंसेवक शामिल रहे।

# व्यक्ति निर्माण के बाद ही राष्ट्र निर्माण संभव



लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर आज यूनिट - 3 के स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचींद्र शेखर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य ,शिक्षा, रोज़गार ,महिला सशक्तिकरण आदि मुद्दों पर सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। सात दिन तक चले इस शिविर में , स्वयं सेवकों ने ककौली गांव के लोगों से न केवल संवाद किया बल्कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जागरूक भी किया। इसके साथ साथ यूनिट -2 के स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम चौधरी के साथ ग्राम डिगुरिया में स्वच्छता अभियान चलाया। अपना अनुभव साझा करते हुए स्वयं सेवकों ने बताया कि सात दिवसीय शिविर उनके लिए प्रेरणादाई तथा समाज से जुड़ने का प्लेटफार्म बना। स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ.नीरज शुक्ल ने उन्हें गांव से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया एवं यूनिट - 3 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचींद्र शेखर ने कहा कि ''व्यक्ति के निर्माण के बाद ही राष्ट्र का निर्माण संभव है''। उन्होंने विद्यार्थियो को अपने आस - पास भौतिक , शारीरिक, आर्थिक , शैक्षणिक, सामाजिक मुद्दों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समापन कार्यक्रम में पचास स्वयं सेवकों ने भागीदारी की ,जिसमें अमन , मेहर , अभिषेक, छाया , नदीम ,हसन ,सत्यम ,कईयूम आदि स्वयंसेवक शामिल रहे।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)

Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)

U.P. STATE GOVERNMENT UNIVERSITY,

(Recognised Under Section 2(f) & 12(B) of the UGC Act, 1956 & B.Tech. Approved by (AICTE)



**11. दिनांक: 05/06/2022 विश्व पर्यावरण दिवस**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट ३ के द्वारा विवि परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें विवि कुलसचिव, कुलानुशासक, एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचीन्द्र शेखर सहित सभी स्वयंसेवकों से सहभागिता की.

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण

तिजारत संवाददाता



लखनऊ। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति प्रो एन बी सिह के संरक्षण एवं कुलसचिव संजय कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलसचिव ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण धरोहर हैं, वृक्षों के बिना जीवन की परिकल्पना पृथ्वी पर संभव नहीं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. जावेद अख्तर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बिना मानवीय विकास पूर्णरूपेण संभव नहीं है, हमें इसे संरक्षित रखने के लिए निरंतर वृक्षारोपण करते रहना चाहिए जिससे हमारा विश्वविद्यालय परिसर हरा भरा रहे। डॉ. नलिनी मिश्रा, समन्वयक, महिला अध्ययन केंद्र तथा एएनओ, एनसीसी डॉ. ले. बुशरा अलवेरा ने महिला छात्रावास में कुलसचिव की उपस्थिति में फलदायक वृक्षों का रोपण किया। समन्वयक, महिला अध्ययन केंद्र ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले पर्यावरण के प्रभाव के प्रति जागरूक किया। एएनओ, एनसीसी के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी की और भविष्य को हरा भरा बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. अभय कृष्णा एवं डॉ. जफरून नकी।रोवर्स रेंजर्स के प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ सुदीप, एनसीसी की प्रभारी ले. डॉ बुशरा अलवेरा, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल, उपकुलानुशासक डॉ. नलिनी मिश्रा, सहायक कुलानुशासक डॉ बुशरा अलवेरा तथा डॉ .मनीष कुमार सहित भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक और एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।


GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVJV+7QX, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh 226201, India
Lat 26.930574°
Long 80.894615°
05/06/22 11:14 AM
a Moinuddin
i Language...
Google



**12. दिनांक: 10/06/2022 -11/06/2022 स्वदेशी खेल महोत्सव**

शासन द्वारा आदेशित स्वदेशी खेल महोत्सव के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विवि परिसर में कंचे, सिकड़ी और पिट्टू खेलों का आयोजन किया गया. जिसमें विवि NSS समन्वयक, खेल प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचीन्द्र शेखर की उपस्थिति में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की.

## खेल महोत्सव में छात्रों ने दिखाया दम

लखनऊ। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में शुक्रवार को स्वदेशी खेल महोत्सव में खो-खो, रस्साकसी, रस्सी कूद, गोला फेंक सहित कई मुकाबले हुए। महोत्सव का आयोजन स्पोर्ट्स क्लब के डॉ. मोहम्मद शारिक एवं एनएसएस संयोजक डॉ. मोहम्मद जावेद अख्तर ने किया। प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनका सेमीफाइनल व फाइनल राउंड शनिवार को होगा। कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के मार्गदर्शन में हुए आयोजन में डॉ. सचींद्र, डॉ. जफरूल नकी आदि थे। (संवाद न्यूज एजेंसी)



Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVJW+96Q, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Prade
226201, India
Lat 26.93122°
Long 80.895272°
10/06/22 12:10 PM
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVJW+G7M, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Prade
226201, India
Lat 26.931323°
Long 80.895688°
10/06/22 12:28 PM
खेल महोत्सव, 2022
Prof. N. B. Singh
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVJW+G7M, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVJW+96Q, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVJW+G7M, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh
226201, India
Lat 26.931323°
Long 80.895688°
10/06/22 12:28 PM
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVJW+G7M, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh
226201, India
Lat 26.931366°
Long 80.895629°
10/06/22 12:29 PM
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVJW+96Q, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh
226201, India
Lat 26.931198°
Long 80.895271°
10/06/22 12:06 PM


भाषा विश्वं योजयति

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)

**Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)**

U.P. STATE GOVERNMENT UNIVERSITY,

(Recognised Under Section 2(f) & 12(B) of the UGC Act, 1956 & B.Tech. Approved by (AICTE)

**13. दिनांक: 21/06/2022 विश्व योग दिवस, फ़ूड फ़ॉरेस्ट प्लांटेशन**

विश्व योग दिवस के अवसर पर एहसास संस्था के सहयोग से ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विवि परिसर में योग एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत फ़ूड फ़ॉरेस्ट प्लांटेशन का आयोजन किया गया. जिसमें विवि कुलपति, कुलसचिव, कुलानुशासक, परीक्षा नियंत्रक, NSS समन्वयक, खेल प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचीन्द्र शेखर सहित विवि के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्रों ने सहभागिता की.




# केएमसी भाषा विश्वविद्यालय योग कार्यक्रम का आयोजन

तिजारत संवाददाता



लखनऊ। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज 8वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो एन बी सिंह के मार्गदर्शन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 200 छात्र/छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''मानवता के लिये योग'' से छात्र/छात्राओं को अवगत कराया गया।

योग कार्यक्रम के प्रथम चरण में डॉ0 मो0 शारिक ने पोस्टर द्वारा विभिन्न आसन जैसे सुखासन, वज्रासन, भुजंगाजन, पवनमुक्तासन, ताड़ासन, प्राणायामः, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, शीतली एवं भ्रामरी से होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय चरण में उन्होंने योग प्रशिक्षण के दौरान मधुमेह बीमारी को नियंत्रित करने के लिए वक्रासन, चिंता, तनाव, कब्ज को दूर करने हेतु शशांकासन इत्यादि का अभ्यास कराया।योग दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने भविष्य में योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का प्रण भी लिया।योग कार्यक्रम प्रातः6:00 बजे से प्रातः 7:00 बजे तक आयोजित किया गया तथा राष्ट्रगान के पश्चात इसका समापन हुआ। इसके पश्चात ''एहसास'' संस्था के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास तथा पुरुष छात्रावास में फलदायक वृक्षों का रोपण किया गया। विश्वविद्यालय में कुल 300 वृक्षों का रोपण किया गया जिसमें इमली, बेल, आमला, पपीता, कटहल, नींबू, शरीफा, सहजन आदि शामिल रहे ।महिला छात्रावास में विश्वविद्यालय कुलपति, महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा, एएनओ डॉ (ले.) बुशरा अलवेरा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम चौधरी के सहयोग से विद्यार्थियों द्वारा वृक्षों का रोपण किया गया। पुरुष छात्रावास में कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल, कुलसचिव संजय कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. जावेद अख्तर एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिंद्र शेखर, डॉ. अभय कृष्णा तथा डॉ. जफरून नकी ने वृक्षों के रोपण में अपना योगदान दिया। एहसास संस्था की संस्थापक एवं महासचिव शचि सिंह ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि एक सुंदर एवं स्वस्थ भविष्य के लिए वृक्ष बहुत ही महत्वपूर्ण है ।पर्यावरणविद अरुण कुमार सिंह ने जंगल को सुरक्षित एवं नए पौधों को रोपित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संस्था के कार्यक्रम निदेशक श्रीपति रस्तोगी, विपुल सिंह,डी.के. जैन, रामाकृष्णन, डॉ. उदय भास्कर, आदित्य कुमार निगम तथा अन्य उपस्थित रहे । रोपित किए गए वृक्षों को छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों द्वारा उनकी देखरेख करने के लिए गोद लिया गया है। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया।



Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, Uttar Pradesh
भाषा विश्वं योजयति

**14. दिनांक: 05/07/2022 वन महोत्सव**

वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विवि परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें विवि कुलपति, कुलसचिव, कुलानुशासक, NSS समन्वयक, खेल प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचीन्द्र शेखर सहित विवि के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्रों ने सहभागिता की.



ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)
U.P. STATE GOVERNMENT UNIVERSITY,
(Recognised Under Section 2(f) & 12(B) of the UGC Act, 1956 & B.Tech. Approved by (AICTE)

# ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हुआ पौधारोपण

तिजारत संवाददाता



लखनऊ। मंगलवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत फलदायक वृक्षों का रोपण किया गया। माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह ने कार्यक्रम में पहला पौधारोपण करके अभियान का शुभारंभ किया। कुल 101 वृक्षों का रोपण विश्वविद्यालय में किया गया जिसमें इमली, बेल, आमला, पपीता, कटहल, नींबू, शरीफा, सहजन आदि रहे। कार्यक्रम महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक तथा नोडल अधिकारी हॉर्टिकल्चर डॉ. नलिनी मिश्रा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. बुशरा अलवेरा, एएनओ एनसीसी, डॉ. जावेद अख्तर, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, रा.से.वा कार्यक्रम अधिकारी तथा अन्य शिक्षक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको, तथा कर्मचारियों ने भी भागीदारी की।

Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, Uttar Pradesh
भाषा विश्वं योजयति